बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


# उधवा में विवाहिता की चाकू मारकर हत्या, पति गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**उधवा**। राधानगर थाना क्षेत्र के पहाड़गांव में रविवार देर रात एक विवाहिता की चाकू से मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान मोमेना खातून के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति सानीर शेख को गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार, मोमेना खातून की शादी करीब चार माह पूर्व बरहरवा थाना क्षेत्र के सेरासीन साहेबडांगा निवासी सानीर शेख के साथ हुई थी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी कारण वह पिछले दो माह से अपने मायके पहाड़गांव में रह रही थी।बताया जाता है कि रविवार रात गांव में आयोजित जलसा कार्यक्रम से लौटने के बाद मोमेना अपनी छोटी बहन के साथ कमरे में सो रही थी। इसी दौरान देर रात उसका पति वहां पहुंचा और उसे कमरे से खींचकर बरामदे में ले गया, जहां उस पर चाकू से कई वार किए। बहन के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल मोमेना को परिजन आनन-फानन में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।त्वरित कार्रवाई में गिरफ्तारी घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने राधानगर, राजमहल व बरहरवा थाना पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।धवा।



राधानगर थाना क्षेत्र के पहाड़गांव में रविवार देर रात एक विवाहिता की चाकू से मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान मोमेना खातून के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति सानीर शेख को गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार, मोमेना खातून की शादी करीब चार माह पूर्व बरहरवा थाना क्षेत्र के सेरासीन साहेबडांगा निवासी सानीर शेख के साथ हुई थी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी कारण वह पिछले दो माह से अपने मायके पहाड़गांव में रह रही थी।बताया जाता है कि रविवार रात गांव में आयोजित जलसा कार्यक्रम से लौटने के बाद मोमेना अपनी छोटी बहन के साथ कमरे में सो रही थी। इसी दौरान देर रात उसका पति वहां पहुंचा और उसे कमरे से खींचकर बरामदे में ले गया, जहां उस पर चाकू से कई वार किए। बहन के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

गंभीर रूप से घायल मोमेना को परिजन आनन-फानन में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।त्वरित कार्रवाई में गिरफ्तारी घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने राधानगर, राजमहल व बरहरवा थाना पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# तालझारी में 'गो सम्मान आह्वान अभियान' की शुरुआत, केंद्र से कानून बनाने की मांग



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**साहिबगंज**। तालझारी प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को "गो सम्मान आह्वान अभियान" के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में गोभक्तों, संत समाज व स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर गोवंश संरक्षण को लेकर अपनी आवाज बुलंद की।कार्यक्रम का उद्देश्य देशी गोवंश की सेवा, सुरक्षा और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से सख्त कानून बनाने तथा गो पालन मंत्रालय की स्थापना की मांग करना रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर अपनी मांगें रखीं।प्रार्थना पत्र में गोवंश की वर्तमान स्थिति को चिंताजनक बताते हुए तस्करी, अवैध वध और सड़कों पर उनकी दुर्दशा जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि गोवंश केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। साथ ही "आत्मनिर्भर भारत" के निर्माण में गो आधारित प्राकृतिक कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई।कार्यक्रम के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने सीओ सह बीडीओ राम सुमन प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। मौके पर बजरंगी महतो, ओमल कुमार मंडल, शेखर कुमार महतो, श्रीराम महतो, मुन्ना पांडेय, अमित कुमार, अशोक कुमार उर्फ डीके स्टार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मॉडल कॉलेज राजमहल में डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर परीक्षा शुरू, 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**राजमहल।प्रखंड** के मॉडल कॉलेज राजमहल में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 2025 का शुभारंभ सोमवार को हुआ। परीक्षा केंद्र मॉडल कॉलेज राजमहल में पहले दिन विभिन्न शाखाओं के कुल 258 परीक्षार्थी नामांकित थे, जिनमें से दो छात्र अनुपस्थित रहे।परीक्षा से पूर्व कॉलेज के प्राचार्य सहकेंद्राधीक्षक डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने सभी तैयारियों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करायी जाएगी।उन्होंने चेतावनी दी कि नकल करते या मोबाइल फोन का उपयोग करते पकड़े जाने पर संबंधित परीक्षार्थी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी परीक्षार्थियों से समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचकर अनुशासन बनाए रखने की अपील की।परीक्षा पर्यवेक्षक दिलीप कुमार पाल ने भी परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर संतोष व्यक्त किया।

# साहिबगंज में नो फ्यूल का झटकाः पेट्रोल-डीजल खत्म, सड़कों पर थमने के कगार पर रफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**साहिबगंज**। जिले में पेट्रोल और डीजल की किल्लत ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। शहर के कई पेट्रोल पंपों पर पावर पेट्रोल आउट ऑफ स्टॉक और डीजल नहीं है के बोर्ड लगे नजर आए, जिससे वाहन चालकों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।सुबह से ही पंपों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, लेकिन ईंधन नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी देखी गई। कई लोग अपनी गाड़ियां धक्का देकर ले जाते दिखे तो कुछ को जरूरी काम टालना पड़ा। खासकर नौकरीपेशा और छात्रों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इधर, कुछ लोग अपने वाहनों की टंकी फुल कराने के लिए बांझी स्थित पेट्रोल पंप का रुख कर रहे हैं, जहां फिलहाल सीमित मात्रा में ईंधन उपलब्ध बताया जा रहा है। इस कारण वहां भी लंबी कतारें लग गई हैं और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक आई इस कमी से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। वहीं पंप कर्मियों ने बताया कि सप्लाई में देरी के कारण यह स्थिति बनी है और जल्द ही हालात सामान्य होने की उम्मीद है।प्रशासन से लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द ईंधन की आपूर्ति बहाल कराई जाए ताकि आम जनजीवन पटरी पर लौट सके।

## संक्षिप्त समाचार

### साहिबगंज में बार काउंसिल सदस्य मीरा कुमारी का भव्य स्वागत

**साहिबगंज।झारखंड** स्टेट बार काउंसिल की नव निर्वाचित सदस्य मीरा कुमारी (अधिवक्ता, गिरिडीह) के साहिबगंज आगमन पर जिला अधिवक्ता संघ द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। अधिवक्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मीरा कुमारी ने कहा कि वे अधिवक्ताओं के मान-सम्मान एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे और सभी ने नव निर्वाचित सदस्य का अभिनंदन किया।

### एकादशी के उपलक्ष में डाकिया नाथ मंदिर से बाबा श्याम की निशान यात्रा निकाली गई



**साहिबगंज** नगर क्षेत्र में मोहिनी एकादशी के उपलक्ष में श्री डाकीनाथ मंदिर से बाबा श्याम की निशान यात्रा निकलेगी गई।जो डाकीनाथ मंदिर से चौक बाजार ,महात्मा गांधी रोड, जे, एन राय रोड ,बड़ी गादी होते हुए पुरुषोत्तम गली नगर भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर पहुँची।वही सभी श्रद्धालुओं में बड़ी ही उमंग देखा गया। और बाबा श्याम का जय कारे लगाते हुए। पूरे शहर बाबा श्याम का नारे गूंजते रहे। मंदिर में सभी लोगों ने बाबा श्याम की आरती पूजन किया और प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर श्याम भक्त मंडल के अध्यक्ष रवि भगत शंकर खंडेलवाल, पंडित सोनू पांडे, ज्योति अग्रवाल सोनी चौधरी ,पिंकी तंबाकू वाला ज्योति नसरिया आदि काफी संख्या में भक्तगण निशान लेकर मंदिर में पहुंचे।

### मिर्जाचौकी थाना का वार्षिक निरीक्षण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश



**साहिबगंज**। जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने मिर्जाचौकी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसपी ने थाना के अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण की समीक्षा की और रिकॉर्ड को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई एवं समग्र कार्यप्रणाली को दुरुस्त रखने पर बल दिया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पदाधिकारियों को आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए जनता का विश्वास जीतना आवश्यक है। कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सतर्कता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया।

# तेज रफ्तार पॉवर ट्रैक ट्रेक्टर ने रेलवे गेट को धक्का मार किया क्षतिग्रस्त





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मिर्जाचौकी** रेलवे गेट में सोमवार को एक पावर ट्रेक ट्रेक्टर ने तेज गति से आकर रेल गेट में धक्का मार दिया जिससे रेल गेट पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय कुछ दुकानदारों एवं ग्रामीणों के अनुसार जब डाउन जयनगर हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन आ रही थी उस समय रेलवे गेट बंद था उसी समय ट्रेक्टर ने आकर रेलवे गेट में जोरदार धक्का मार दिया।हालांकि इस घटना में किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है।लेकिन गुवाहाटी नई दिल्ली एक्सप्रेस, अप धुलियान पैसेंजर काफी देर तक मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही एवं डाउन वर्धमान पैसेंजर भी लेट से मिर्जाचौकी आई। घटना की सूचना पर मिर्जाचौकी में तैनात आरपीएफ जवान पी,एन उपाध्याय,राजकुमार , रंजीत कुमार,एवं राहुल कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। तत्काल रेल कर्मीयों के द्वारा वैकल्पिक रेल गेट लगाकर ट्रेनों का अवागमन चालू हो पाया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे गेट के उचित देखभाल नहीं होने के कारण अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती है जिससे कभी भी भीषण हादसा हो सकते हैं।

# गदाई दियारा के पास परवल लदी नाव डूबी, सभी लोग सुरक्षित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**साहिबगंज**। रिवर थाना क्षेत्र अंतर्गत गदाई दियारा के समीप परवल लदी एक नाव के डूब जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नाव नव गढ़ाई दियारा के पिलहर टोला से परवल लोड कर मनिहारी की ओर जा रही थी।बताया जाता है कि बंदरगाह के सामने पहुंचते ही नाव में अचानक पानी भरने लगा, जिससे वह डूब गई। घटना के दौरान नाव पर सवार सभी लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए नदी में छलांग लगा दी।इसी बीच वहां पहुंची दूसरी नाव की मदद से सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाद में परवल को भी दूसरी नाव में लादकर आगे भेजा गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# जिला अधिवक्ता संघ साहिबगंज में मीरा कुमारी का स्वागत, अधिवक्ताओं के हित में आवाज उठाने का भरोसा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**साहिबगंज।झारखंड** स्टेट बार काउंसिल की नव निर्वाचित सदस्य मीरा कुमारी (अधिवक्ता, गिरिडीह) सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ, साहिबगंज पहुंचीं। इस दौरान संघ के अधिवक्ताओं ने उनका पुष्पगुच्छ व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।मौके पर मीरा कुमारी ने कहा कि वे अधिवक्ताओं के मान-सम्मान एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों को बार काउंसिल स्तर पर मजबूती से उठाती रहेंगी। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ललित स्वदेशी, सचिव विजय कर्ण, उपाध्यक्ष गौतम प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष दिलीप झा समेत पन्नालाल, सुनील शर्मा, अजय पंडित, अमरेंद्र मोहंती, रूपेश पंडित, प्रेमचंद मरांडी सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद थे।

# साहिबगंज के छात्र पियूष कुमार ने जिला रैपिड शतरंज प्रतियोगिता में मारी बाजी

**साहिबगंज**। मालदा मंडल के अंतर्गत संचालित ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज के कक्षा 10 के छात्र पियूष कुमार ने जिला ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और मंडल का नाम रोशन किया है।थीम पर आयोजित साहिबगंज जिला ओपन रैपिड शतरंज चैंपियनशिप (ए) 2026 का आयोजन 25 अप्रैल को सेंट जेवियर्स स्कूल, कोटालपोखर (बरहरवा) में जिला शतरंज संघ द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में भाग लेते हुए पियूष कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया और 4 राउंड में 3.5 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया।मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मंडल द्वारा शैक्षणिक, खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, न्यू डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा **हावड़ा मंडल के स्टेशनों पर 05 वर्षों की अवधि के लिए 02 (दो) अदद प्रीमियम ब्रांड केटरिंग आउटलेट्स (पीबीसीओएस) के माध्यम से केटरिंग सेवाओं के प्रावधान** हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। पात्रता और कारोबार मानदंड अनुबंध की विशेष शर्तों (जो ई-नीलामी लॉट में अपलोड की गई हैं) के अनुच्छेद-2 के अनुसार होंगे। अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** देखें। नीलामी का विवरण: **नीलामी कैटलॉग संख्या: पीबीसीओ-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई। क्र.सं.**- 1। **एसईक्यू. संख्या :** एए/1। **लॉट संख्या/श्रेणी:** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-पीएस-74-26-1 (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-प्रीमियम स्टोर्स)। **विवरण:** 05 वर्षों के लिए प्रीमियम ब्रांडेड केटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, परिचालन और प्रबंधन। (डानकुनी स्टेशन, न्यू कॉलोनी के पास)। **बंद होने की तारीख/समय:** 05.05.2026 को दोपहर 12.30 बजे। **क्र.सं.**-2। **एसईक्यू. संख्या:** एए/2। **लॉट संख्या/श्रेणी:** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-पीएस-72-26-1(मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-प्रीमियम स्टोर्स)। **विवरण:** 05 वर्षों के लिए प्रीमियम ब्रांडेड के टरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, परिचालन और प्रबंधन (हावड़ा स्टेशन, न्यू कॉम्प्लेक्स/यात्री निवास प्रवेश द्वार के बगल में)। **बंद होने की तारीख/समय:** 05.05.2026 को दोपहर 12.40 बजे। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 (दोनों के लिए)। **जमा बयाना राशि :** 10%(दोनों के लिए)। **आवश्यक कारोबार:** कारोबार की आवश्यकता अनुबंध की विशेष शर्तों के अनुच्छेद-2(V) के अनुसार होगी(दोनों के लिए)।

(HWH-34/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### पिचिंग लदा ट्रक ने खड़ी पिकअप वाहन को धक्का मारकर एक घर मे घुस ,एक घायल





**महेशपुर( पाकुड़ )**। महेशपुर शहरग्राम मुख्य सड़क जियापानी के पास पिचिंग लदा ट्रक ने खड़ी पिकअप को धक्का मरते हुए एक घर मे घुस गया, जिससे घर के सदस्य बाल बाल बच गया ।घटना के बावत मिली जानकारी के अनुसार पिचिंग लदे ट्रक शहरग्राम से महेशपुर की ओर जा रहा था ।इसी दौरान जियापानी सड़क किनारे एक पिकअप वाहन खड़ी थी तभी अचानक ट्रक ड्राईवर का संतुलन बिगड़ गया और वह खड़ी पिकअप वाहन जोरदार टक्कर मारते हुए घर मे घुस गया जिससे घर बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया है । जबकि पिकअप वाहन के एक व्यक्ति जख्मी हो गया ।इधर घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और फिर जख्मियों को ईलाज के लिये भेज दिया तथा दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन को रोक लिया है ।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से डीसी ने की शिष्टाचार भेंट



**पाकुड़**। डीसी मेधा भारद्वाज ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उपायुक्त ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। बैठक का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा। मुलाकात के दौरान जिले में विधिक जागरूकता, न्यायिक पहुंच और आमजन को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। दोनों अधिकारियों ने न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ औरजनोन्मुख बनाने पर विचार साझा किये। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे ने विधिक जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्यायकेवल न्यायालयों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इसकी पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए ग्रामीण और वंचित वर्गों को उनके अधिकारों,निःशुल्क विधिक सहायता तथा न्यायिक प्रक्रियाओं की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर विधिक सेवाओं को और सशक्त बनाया जा सकता है। प्रशासन, न्यायपालिका और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयास से ही न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। अंत में उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे मिलकर निभाना होगा।

### झामुमो प्रखंड समिति की बैठक सम्पन्न, बूथ समिति गठन पर जोर



**अमड़ापाड़ा**: सोमवार को झामुमो प्रखंड समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल हांसदा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से बूथ समिति के गठन और बीएलए बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय समिति सदस्य विकास मुर्मू और केंद्रीय समिति सदस्य निशा शबनम हांसदा मौजूद रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए विकास मुर्मू ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में मतदाता सूची में नामों की जांच को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे मजबूत और सक्रिय बीएलए बनाकर क्षेत्र के लोगों की मदद करें, ताकि किसी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से न छूटे। साथ ही पंचायत स्तर पर नए सिरे से बूथ समिति गठन कर संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने पर जोर दिया। निशा शबनम हांसदा ने पंचायत समिति के पदाधिकारियों को अधिक सक्रिय होकर संगठन के प्रति जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया। बैठक में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, युवा मोर्चा जिला सचिव अमित भगत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला सचिव, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुष्मिता मुर्मू, प्रखंड उपाध्यक्ष कालिदास मुर्मू, थोमस मुर्मू, धानो मरांडी, ईमरान अंसारी, प्रखंड सह सचिव संतोष भगत, नजरुल अंसारी, सामुएल मुर्मू, जिला कार्यकारिणी सदस्य संजीत भगत, नारायण भगत, अली हुसैन अंसारी, फिलीप मुर्मू, मंटू भगत, जिला मीडिया प्रभारी आफताब आलम, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मरकुस किस्कु, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष नाजिर अंसारी, तनवीर अली, अबुल कलाम, भीमसेंट हेम्ब्रम, सोनम हांसदा सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)**। सोमवार को के भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण और मकानों की गणना अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीयकृत 2 विद्यालय, लिट्टीपाड़ा में किया गया। यह प्रशिक्षण 27 अप्रैल 2026 से प्रथम और द्वितीय बैच के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया, सहायक चार्ज पदाधिकारी सह प्रभारी साख्यिकी पर्यवेक्षक के. सी. दास, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, जनगणना टेक्निकल एक्सपर्ट शशि कपूर साहा और फील्ड ट्रेनरों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कमल पहाड़िया ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने प्रगणकों

एवं पर्यवेक्षकों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करने की अपील की। वहीं के. सी. दास ने अपने संबोधन में प्रशिक्षण कार्यक्रम को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सही एवं सटीक आंकड़ों का संकलन ही जनगणना की सफलता सुनिश्चित करता है। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर नवीन कुमार सिंह, संजय कुमार, रंजीत कुमार वर्मा और प्रणव कुमार सेन ने प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी। प्रथम चरण में सभी घरों की पहचान, परिवारों का सही विवरण दर्ज करने, मानचित्रण और जियो टैगिंग के माध्यम से क्षेत्र का सटीक सीमांकन करने पर जोर दिया गया। साथ ही द्वितीय चरण जनसंख्या गणना में प्रत्येक परिवार एवं

व्यक्ति का सही विवरण दर्ज करने, स्व-गणना करने वाले परिवारों का सत्यापन करने और डेटा की गोपनीयता एवं शुद्धता बनाए रखने की जानकारी दी गयी। पर्यवेक्षकों को उनके दायित्वों के तहत संपूर्ण कार्य की निगरानी, पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने तथा समयबद्ध और त्रुटिरहित कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# अधिक शराब पीने से 37 वर्षीय युवक की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)**। थाना क्षेत्र के बासमती कृष्णा टोला निवासी 37 वर्षीय प्रदीप पाल की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने अधिक शराब सेवन को मौत का कारण बताया है।घटना की सूचना पर एसआई कविंद्र मिश्रा, एएसआई संतोल मुर्मू सहित पुलिस बल घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली मृतक की पत्नी निरासी देवी ने बताया कि रविवार को उनके पति शराब पीकर घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें उल्टी होने लगी परिजनों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर ले जाने की सलाह दी घर लौटने के बाद शाम में वह सो गए देर रात तक नहीं उठने पर परिजनों ने जगाने का प्रयास किया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, इसके बाद आसपास के लोगों को बुलाया गया लेकिन काफी प्रयास के बावजूद उन्हें नहीं जगाया जा सका मृतक का एक बेटा और एक बेटी भी है।इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सोनाजोड़ी भेज दिया। थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## अस्मिता सिटी लीग के दूसरे दिन महिला खिलाड़ियों में उत्साह और उमंग का माहौल


सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पाकुड़**। अस्मिता सिटी लीग 2026 के दूसरे दिन महिला खिलाड़ियों का फुटबॉल, साइकिलिंग एवं कबड्डी खेलों का आयोजन किया गया। फुटबॉल मुकाबलों में महिला खिलाड़ियों ने बेहतरीन समन्वय, टीम वर्क के साथ तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। हर मुकाबला रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहा। वहीं साइकिलिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने तेज गति, संतुलन और सहनशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी क्षमता का प्रभावशाली परिचय दिया। कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की फुर्ती, ताकत, रणनीति और टीम भावना ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।खिलाड़ियों के जोश और संघर्ष ने आयोजन को और अधिक आकर्षक बना दिया। आयजकों ने बताया कि खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना एवं उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना है। खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सभी कोच, तकनीकी पदाधिकारी एवं जिला खेल कार्यालय के कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी दिनों में भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो सके।

# डीएमफटी फंड पर करोड़ों के दुरुपयोग की आशंका, सामाजिक कार्यकर्ता ने निष्पक्ष जांच की किया मांग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पाकुड़ जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) फेड के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि पिछले कुछ वर्षों में DMFT फंड से संचालित योजनाओं में भारी अनियमितता हुई है, जिससे करोड़ों रुपये के दुरुपयोग की आशंका बन रही है। अग्रवाल के अनुसार कई योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं। उनॉनि कहा कि बिना धरातल पर कार्य कराए ही राशि की निकासी कर ली गई है। इस संबंध में जब सूचना का अधिकार (RTI) के तहत जानकारी मांगी गई, तो विभागों द्वारा स्पष्ट जानकारी देने में टालमटोल किया गया, जिससे पारखीर्णता पर सवाल, वेबसाइट पर नहीं अपडेट डेटा जिला प्रशासन की पारदर्शिता पर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि वर्ष 2020 के बाद से उसे जुड़ी ऑडिट रिपोर्ट और खर्च का विवरण आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है। कई अधिकारी बदले, लेकिन सार्वजनिक जानकारी का अभाव बना रहा। अकवाल ने बोकारो जिले में सामने आए कथित DMFT घोटाले का हवाला देते हुए कहा कि वहां सैकड़ों करोड़ रुपये की गड़बड़ी की जात सामने आई है। उन्होंने आशंका जताई कि पाकुड़ में भी इसी तरह बड़े पैमाने पर अनियमितता हो सकती है। जिला खनिज फाउंडेशनष्ट (DMFT) एक गैर-लाभकारी संस्था है, जिसका गठन खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास और वहां के लोगों के कल्याण के लिए किया गया है। इसमें खनन कंपनियां अपनी रॉयल्टी का 10से 30 प्रतिशत हिस्सा जमा करती हैं। नियमों के अनुसार प्राथमिक उपयोग के क्षेत्र।DMFT फंड का उपयोग सरकार खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (PMBOOKY) के तहत निम्न प्राथमिक क्षेत्रों में किया जाना अनिवार्य है। सुरेश कुमार आवाल ने मांग की है कि पिछले पांच वर्षों में DMFT फंड के उपयोग को उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और दोषियों पर कार्रवाई हो। सामाजिक कार्यकतां एवं स्थानीय लोगों का जांच नहीं हुई, तो खनन प्रचावित क्षेत्रों के विकास के लिए मिलने पाला यह महत्वपूर्ण फंड अपने उद्देश्य से भटक सकता है।



# हिरणपुर बाजार को अभी तक नही मिली अतिक्रमण से मुक्ति, जाम की समस्या से परेशान है लोग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**हिरणपुर (पाकुड़)**। हिरणपुर बाजार को अभी तक अतिक्रमण से मुक्ति नही मिल पाई है , जिसकारण आये दिन बाजार के मुख्य सड़क में जाम की स्थिति बनी रहती है। वस्तुत बाजार लिट्टीपाड़ा अंचल क्षेत्र के अधीन है। बाजार के मुख्य सड़क में काफी संख्या में दुकानें है , जो मिशन रोड से नीचे तक फैला हुआ है। सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर दुकाने लगाई जा रही है।जिससे सड़क काफी संकीर्ण सा हो गया है। जबकि इस सड़क से प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में भारी वाहन व अन्य वाहनों का आवागमन होता है। भारी वाहनों की आवागमन होने साथ सड़क में जाम की स्थिति बन जाती है। रही सही कसर ई रिक्शा व अन्य यात्री वाहनों द्वारा की जा रही है। जो सड़क में ही वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जबकि इसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा निरन्तर सख्ती भी बरती जा रही है , इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। सुभाष चौक की स्थिति तो काफी गम्भीर बनी हुई है। अतिक्रमण मुक्त को लेकर अंचल प्रशासन लिट्टीपाड़ा के द्वारा बीते वर्ष बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर कार्रवाई किया गया था। जहां कार्रवाई के उपरांत सड़क के दोनों ओर बने जर्जर नाला को दुरुस्त भी किया गया था। पर कार्रवाई के कुछ माह के बाद ही स्थिति पूर्व की भांति बन गई है। ऐसी स्थिति बाजार के एक नम्बर गली व डांगापाड़ा चौक की भी है। जहां प्रशासनिक कार्रवाई के बाद भी स्थिति में सुधार नही हो पाया है। अतिक्रमण के कारण हो रहे सड़क जाम के कारण हमेशा से दुर्घटना होने की अंदेशा बनी हुई है। वही सड़क की स्थिति भी काफी जर्जर बनी हुई है। इसकी पुनर्निर्माण को लेकर सम्बन्धित विभाग मौन साधे बैठा हुआ है। आखिर लोगो को जाम की स्थिति से कब निजात मिलेगी , सोचनीय विषय बना हुआ है। इस सम्बंध में अंचलाधिकारी लिट्टीपाड़ा संजय कुमार ने बताया कि बीते वर्ष अतिक्रमण को लेकर व्यापक रूप से कारवाई किया गया था। इसको लेकर आमलोगों को भी जागरूक होना आवश्यक है। अतिक्रमण को लेकर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल आमलोगों इंतजार में है कि प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण से कब पूरी तरह मुक्ति दिलाएगी।

## राहा गांव में जलसा का हुआ आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बसंतराय** : प्रखंड क्षेत्र के राहा गांव स्थित मुमताज नगर मदरसा फैजूल कुरआन के प्रांगण में रात्रि को इजलास- ए- आम (जलसा) का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मदरसा फैजुल कुरआन का संग-ए-बुनियाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का आगाज कारी मो. तहसीन ने तिलावत-ए-कुरआन से किया। इसके बाद नात-ए-पाक और तकरीरों का सिलसिला शुरू हुआ। मौके पर उलेमा-ए-किराम ने अमन-चैन, मुल्क की तरक्की और खासकर बच्चों की बेहतर तालीम के लिए सामूहिक दुआ की। मंच पर मौजूद उल्मा ए किराम ने जलसा में मौजूद लोगों को संबोधित किया मौलाना मो. इकबाल कासमी, मौलाना मुफ्ती निजामुद्दीन, मौलाना मो. मुफ्ती सरवर नदीम कासमी, मौलाना मो. शम्स परवेज, मौलाना मो. शौकत एवं मौलाना मो. अब्दुल रज्जाक कासमी ने कहा इंसान की जिंदगी का असली मकसद अल्लाह की इबादत और इंसानियत की खिदमत है। उन्होंने कहा की तालीम हर इंसान के लिए जरूरी है, क्योंकि इल्म ही वह रोशनी है जो इंसान को सही और गलत की पहचान कराती है। उलेमा-ए-किराम ने कहा की आज के दौर में बच्चों की दीन और दुनियावी दोनों तरह की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि वे एक अच्छे इंसान और जिम्मेदार इनसान बन सकें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को तालीम के रास्ते पर आगे बढ़ाएं और उनमें अच्छे संस्कार डालें। अपने संबोधन में उलेमा ने आखिरत का जिक्र करते हुए कहा की यह दुनिया एक अस्थायी ठिकाना है, जबकि असल जिंदगी आखिरत की है। इंसान को अपने हर अमल का हिसाब देना होगा, इसलिए उसे सच्चाई, ईमानदारी और नेक रास्ते पर चलना चाहिए। दुनिया दरअसल आखिरत की खेती है- यहां जो बोया जाएगा, वही वहां काटा जाएगा।

# जनगणना 2026 को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**महेशपुर ( पाकुड़ )**। आगामी जनगणना 2026 को त्रुटिरहित और सफल बनाने के लिए महेशपुर प्रखंड प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय महेशपुर प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को जनगणना का कार्य सौंपा गया है। मास्टर ट्रेनर चक्रधर महतो एवं नईम रेजा ने शिक्षकों को जनगणना के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि घर-घर जाकर आंकड़े जुटाने का कार्य पश्चिम दिशा से उत्तर दिशा की ओर तथा दक्षिण दिशा से पूर्वी दिशा की ओर बढ़ते हुए पूरा करना है। फॉर्म भरने, मोबाइल ऐप के उपयोग और पूछे जाने वाले सवालों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए बीडीओ डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही सरकार की योजनाएं बनती हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे इस कार्य को पूरी ईमानदारी और गंभीरता से करें। कोई भी घर या व्यक्ति जनगणना से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण में बताई गई हर बारीकी को ध्यान में रखकर फील्ड में काम करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में प्रखंड के कई अधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# बीते 10 वर्षों से बंद पड़ा हुआ है करोड़ो लागत से बने पीएचसी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**हिरणपुर (पाकुड)** । प्रखंड के तालपहाड़ी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीते 10 वर्षो से बंद पड़ा हुआ है। करोड़ों रुपये की लागत से इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया गया था, पर अभी तक इस केंद्र का ताला तक नही खुला। स्वास्थ्य केंद्र की निर्माण होने पर स्थानीय लोगो की उम्मीदें जगी थीं कि इस स्वास्थ्य केंद्र के चालू होने से उन्हें इलाज के लिए दस किमी दूरी तय कर हिरणपुर जाना नही पड़ेगा। लेकिन उनकी यह उम्मीद अब तक अधूरी है। मिली जानकारी के अनुसार भवन निर्माण के बाद इस केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओ को लेकर काफी संख्या में आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराया गया था । पर केंद्र में शुरू से ही ताला लगे रहने से भवन जर्जर हो गई, वही पंखा, दरवाजा, खिड़की टूट कर बिखर गई । इसके कुछ वर्षों बाद सरकार के द्वारा एक चिकित्सक की भी नियुक्ति की गई थी, जो एक बार भी झांकने तक नही गया। वर्तमान में विभागीय रूप से केंद्र की मरम्मती कार्य की गई है। पर केंद्र में पानी की विकट संकट बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार यह स्वास्थ्य केंद्र सुदूर क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होता, यदि इसे समय पर शुरू कर दिया जाता। लोगों का कहना है कि भवन में लगभग सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं, इसके बावजूद अब तक संचालन शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए बताया कि अस्पताल के मुख्य गेट पर वर्षों से ताला लटका हुआ है, जो विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। उनका कहना है कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करती है, लेकिन इस तरह के मामलों से सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका भी पैदा होती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि स्वास्थ्य केंद्र को अविलंब चालू किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। ऐसी स्थित डांगापाड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी है। जहां वर्ष 2009 को निर्मित करोड़ो लागत की भवन पड़ा है। क्षेत्र के लोग जिस आशा व भरोसे से थे कि अब सुदूर क्षेत्र के लोगो को भी स्वास्थ्य सेवा मिलेगी, सब दिवास्वप्न साबित हो रहा है। इस सम्बंध में चिकित्सा प्रभारी डा. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बीते 10 वर्ष पूर्व तालपहाड़ी स्थित पीएचसी का निर्माण किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला जिला उपाध्याय उपयुक्त रवि आनंद से शिष्टाचार भेंट किए




**चतरा** । गिद्धौर प्रखंड के अंतर्गत झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला के चतरा जिला अध्यक्ष संगीत पाठक जिले के उपयुक्त रवि आनंद से आज शिष्टाचार भेंट कर जिले और प्रखंड की समस्याओं को रखी और समस्याओं का निवारण का आग्रह किए इस मौके पर लोजपा जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ,कैलाश सिंह , जे एम एम के वरिष्ठ नेता यदुनंदन पाण्डेय,भी शामिल रहे।

### नए समाहरणालय भवन में कामकाज शुरू करने की तैयारी तेज, उपायुक्त ने दिए शिफ्टिंग के निर्देश



**लोहरदगाः** जिला प्रशासन की कार्यशैली को अधिक सुव्यवस्थित और जन-केंद्रित बनाने के लिए लोहरदगा में नए समाहरणालय भवन में कार्यालयों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोमवार को उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के सभी कार्यालय प्रधानों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि नए भवन में शिफ्टिंग का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाना और व्यवस्था को केंद्रीकृत करना है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख विभागों को कक्ष आवंटित किए जा चुके हैं। अब सभी कार्यालय प्रधानों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने विभागों को जल्द से जल्द नए भवन में स्थानांतरित करें, ताकि आम जनता को अलग-अलग कार्यों के लिए भटकना न पड़े और एक ही परिसर में उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। भवन के सुचारु संचालन के साथ-साथ उपायुक्त ने परिसर की सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने समाहरणालय परिसर में हाइमास्ट लाइट लगवाने की प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया, ताकि रात्रि में भी परिसर पूरी तरह से सुरक्षित और प्रकाशित रहे। इस बैठक में प्रशासनिक अमले के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुंडा, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद दास, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास सहित अलावा विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रधान भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी को समन्वय बनाकर जल्द से जल्द शिफ्टिंग प्रक्रिया पूर्ण करने का संकल्प दोहराया।

### लोहरदगा की बिटिया साफिया रानी ने मैट्रिक में गाड़े झंडे, पूर्व सांसद धीरज साहू ने किया सम्मानित

**लोहरदगाः** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा मैट्रिक परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद लोहरदगा जिले में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में थाना टोली निवासी मुख्तार अंसारी की पुत्री साफिया रानी ने 98.40 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। साफिया की इस ऐतिहासिक सफलता पर न केवल उनके परिवार में खुशी है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लोग उन्हें बधाई देने पहुँच रहे हैं। साफिया रानी की इस शानदार उपलब्धि के बाद उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस



अवसर पर धीरज प्रसाद साहू ने साफिया को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा साफिया जैसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी समाज और देश का भविष्य हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद ऐसी उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करना अत्यंत सराहनीय है और यह अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने साफिया को अपना लक्ष्य ऊँचा रखने और निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। अपनी कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए साफिया रानी ने बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे माता-पिता का सहयोग, शिक्षकों का मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन का बड़ा हाथ है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और बेहतर समय प्रबंधन के बल पर ही उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। भविष्य में वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज की सेवा करना चाहती हैं। साफिया की सफलता पर परिवार के सदस्यों ने गर्व व्यक्त किया है। मौके पर कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और शिक्षक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने साफिया को मिठाई खिलाकर और आशीर्वाद देकर उनके सुनहरे भविष्य की मंगलकामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि साफिया ने अपनी मेहनत से लोहरदगा का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है।

### लोहरदगा में गौरक्षा सम्मान अभियान का शंखनादः गाय को राष्ट्र माता बनाने हेतु ज्ञापन सौंपा




**लोहरदगाः** गाय को राष्ट्र माता का संवैधानिक दर्जा दिलाने और देशव्यापी गौ-हत्या बंदी कानून की मांग को लेकर सोमवार को लोहरदगा में राष्ट्रीय गौरक्षा समिति ने हुंकार भरी। 27 अप्रैल 2026 को शुरू हुए इस राष्ट्रव्यापी गौरक्षा सम्मान अभियान के तहत जिला गौरक्षा प्रमुख विकास यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य गाय को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव या राष्ट्र धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित करना है। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग की गई है कि गौ रक्षा के लिए एक सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाए। सोमवार को देशभर की विभिन्न तहसीलों, ब्लॉक और जिला मुख्यालयों पर एक साथ ज्ञापन देकर जनभावनाओं को सरकार तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यह संत-महात्माओं के मार्गदर्शन में चलने वाला एक पूर्णतः अहिंसक और संगठित आंदोलन है। विकास यादव ने कहा गाय केवल पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। यह अभियान करोड़ों भारतीयों की आस्था का सम्मान है। आगामी रणनीति के तहत, ज्ञापन सौंपने के बाद अगले पांच महीनों तक पूरे देश में सघन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। समिति के सदस्य गांव-गांव जाकर आम जनमानस को इस मुहिम से जोड़ेंगे ताकि इसे एक बड़ी जनक्रांति का रूप दिया जा सके। लोहरदगा के इस आयोजन में भारी संख्या में गौ भक्त और स्थानीय नागरिक शामिल हुए, जिन्होंने गौ माता की रक्षा का संकल्प दोहराया।

## पेयजल संकट पर प्रशासन का बड़ा प्रहारः हर पंचायत में शिविर

# उपायुक्त का औचक निरीक्षण बंद जलमीनार और चेक डैम पर तुरंत एक्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**चतरा।** झारखंड सरकार के निर्देश पर चतरा जिले में चल रहे "पेयजल समस्या निवारण पखवाड़ा" ने अब जमीनी असर दिखाना शुरू कर दिया है। 24 अप्रैल से 11 मई तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दूसरे दिन शनिवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में व्यापक स्तर पर शिविर आयोजित कर आमजनों की पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में ठोस पहल की गई। शनिवार को चतरा, गिद्धौर, हंटरगंज, प्रतापपुर, कुंदा, लावालौंग, सिमरिया, इटखोरी, मयूरहंड, कान्हाचट्टी, पत्थलगड़ा और टंडवा प्रखंडों की कई पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों की शिकायतें सुनी गईं और मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू की गई। वहीं नगर परिषद चतरा के वार्ड संख्या 03 एवं 04 में भी विशेष शिविर आयोजित कर शहरी क्षेत्रों की समस्याओं का निष्पादन किया गया।

**उपायुक्त का औचक निरीक्षण, ग्राम सभा में दिया भरोसाः** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम सभा में भाग लेते हुए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि जिले का कोई भी गांव पेयजल संकट से प्रभावित न रहे। इसके लिए हर स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। ग्राम सभा में स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में चेक डैम निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। कृषि प्रधान इस इलाके में जल संकट के कारण किसानों को हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने प्रस्ताव को ग्राम सभा से पारित कर नियमानुसार अग्रसारित करने का निर्देश दिया।

◆ पत्थलगड़ा में 8 वर्षों से बंद जलमीनार पर प्रशासन सख्त, 11 गांवों की जलापूर्ति बहाल करने की तैयारी तेज

**8 साल से बंद जलमीनार पर सख्ती, स्थायी समाधान की पहलः** निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड मुख्यालय स्थित पर्यटन एवं तीर्थ स्थल मां दक्षिणेश्वरी मंदिर प्रांगण स्थित जलमीनार का भी जायजा लिया, जो पिछले आठ वर्षों से बंद पड़ा है। यह जलमीनार 11 गांवों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन नदी में जल की कमी के कारण यह निष्क्रिय हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने स्वयं स्थल पर नदी का निरीक्षण किया और जल संकट के स्थायी समाधान के लिए चेक डैम निर्माण सहित आवश्यक तकनीकी उपायों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।



**प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण, कर्मियों को सख्त चेतावनीः** इसके बाद उपायुक्त ने पत्थलगड़ा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्था, उपस्थिति रजिस्टर और अभिलेखों की जांच की। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मियों को समय पर कार्यालय आने और आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

**मैदानी स्तर पर तेज कार्रवाई, खराब स्रोतों की मरम्मत युद्धस्तर परः** पखवाड़ा के तहत सिर्फ शिकायतें ही नहीं सुनी जा रही हैं, बल्कि तकनीकी टीमों द्वारा मौके पर ही खराब चापाकल, जलमीनार और पाइपलाइन की मरम्मत भी तेजी से की जा रही है। कई पंचायतों में वर्षों से बंद पड़े पेयजल स्रोतों को पुनः चालू कर ग्रामीणों को तत्काल राहत दी गई है। वरीय अधिकारियों द्वारा लगातार फील्ड निरीक्षण कर कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर समस्या का समाधान तय समयसीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो।

## स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाना प्राथमिकता, यूनियन के प्रयास से 12 युवाओं को मिली नौकरीः धीरज साहू

◆ नियुक्ति पाकर खिले युवाओं के चेहरे, जताया आभार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**लोहरदगाः** छोटानागपुर बॉक्साइट एवं कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव व पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सतत प्रयासों से क्षेत्र के 12 स्थानीय युवाओं के चेहरे पर मुस्कान आई है। प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान हिंडाल्को द्वारा इन युवाओं को नियुक्ति प्रदान की गई है, जो क्षेत्र में रोजगार सृजन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सोमवार को आयोजित एक गरिमामयी समारोह में पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने अपने कर-कमलों से सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार और नौकरी से जोड़ना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूनियन का लक्ष्य केवल श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करना ही नहीं, बल्कि योग्य स्थानीय प्रतिभाओं को उचित मंच दिलाना भी है। कार्यक्रम के दौरान धीरज साहू ने स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने के लिए हिंडाल्को प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। अपनी मेहनत का फल मिलने पर युवाओं ने यूनियन और साहू के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। यूनियन के अध्यक्ष निशीथ जायसवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में भी स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यूनियन और प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय से क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किया जाएगा। समारोह में इस मौके पर सोहराब अंसारी, इकरामुल अंसारी, अम्बर कुमार सिंह, सुकरा उरांव, श्यामसुंदर महतो और एतवा उरांव मौजूद रहे। वही हिंडाल्को प्रबंधन की ओर से चिन्मय दास और अभिनव कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने चयनित युवाओं का स्वागत किया और कंपनी की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। इस पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## सेन्हा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पशु तस्करी का भंडाफोड़; 5 मवेशी जब्त, दो गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**सेन्हा/लोहरदगाः** जिला पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिज़वी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सेन्हा थाना पुलिस ने सोमवार को पशु तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कंडरा चौक के समीप घेराबंदी कर एक पिकअप वाहन से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे पांच मवेशियों को मुक्त कराया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, पशु तस्कर ओडिशा के राउरकेला से एक पिकअप वाहन में मवेशियों को अवैध रूप से लादकर ले जा रहे थे। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी नीरज झा के नेतृत्व में कंडरा चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। दोपहर करीब 12 बजे जैसे ही संदिग्ध पिकअप वहां पहुंची, पुलिस ने उसे रोक लिया। जांच के दौरान पिकअप वाहन में 3 भैंस और 2 भैंसा अत्यंत अमानवीय तरीके से लदे हुए पाए गए। जब पुलिस ने चालक से पशुओं के परिवहन से संबंधित वैध कागजात मांगे, तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने वाहन और पांचों पशुओं को जब्त कर थाना परिसर लाया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार के भोजपुर जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सरैया निवासी विकास यादव, पिता सरई यादव और कुंदन यादव, पिता विजय यादव के रूप में हुई है। सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने सेन्हा थाना कांड संख्या 60/26 दर्ज करते हुए झारखंड पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 12(a) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिसिया कार्रवाई के बाद गिरफ्तार दोनों पशु तस्करों को न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया है।

## चतरा नगर परिषद : चुनावी वादा टूटा, वादा है वादों का क्या?

● चतरा नगर परिषद में होल्डिंग टैक्स घटने के 6बजाय 10% बढ़ा, जनता में नाराजगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**चतरा।** नगर वासियों का अध्यक्ष से सीधा सवाल : यदि होल्डिंग टैक्स घटा नहीं सकते थे तो कम से कम बढ़ाते तो नहीं! चतरा नगर परिषद की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। नगर परिषद क्षेत्र की जनता बड़े अरमान से नगर परिषद में नई सरकार चुनी थी। जनता के अरमानों पर पानी फिरता दिखाई पड़ रहा है। नगर परिषद क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स में राहत देने के बजाय 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई है। बढ़ी हुई दरें चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 से ही लागू हो गई हैं। इस फैसले के बाद आम नागरिकों की चिंता और गुस्सा दोनों बढ़ गए हैं। महंगाई की मार झेल रहे लोगों का कहना है कि यह फैसला उनके घरेलू बजट पर सीधा हमला है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि टैक्स पहले से ही ज्यादा था। अब 10% वृद्धि के बाद जिन मकान मालिकों का सालाना होल्डिंग टैक्स 1000 रुपये था, उन्हें 1100 रुपये और 1500 रुपये वालों को 1650 रुपये चुकाने होंगे। लोगों का कहना है कि बिजली, पानी, राशन और रोजमर्रा की जरूरी चीजों के दाम पहले ही आसमान छू रहे हैं। ऐसे में होल्डिंग टैक्स बढ़ाना मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ने जैसा है। सीमित आय वाले परिवारों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा।

**चुनावी वादे ने तोड़ दी दम, नवनिर्वाचितों को नहीं है कोई गम** : सबसे ज्यादा नाराजगी चुनावी वादे को लेकर है। चुनाव के दौरान निर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष अताउर रहमान उर्फ बाबू भाई ने




जनता से होल्डिंग टैक्स कम करने का वादा किया था। उस समय यह मुद्दा खूब गरमाया था और लोगों ने टैक्स में राहत की उम्मीद में उन्हें भरपूर समर्थन दिया। जितने के बाद उन्होंने टैक्स में कटौती करने की भी घोषणा की थी।लेकिन अब वादे के उलट टैक्स में बढ़ोतरी ने लोगों को हैरान कर दिया है। कई लोगों ने आरोप लगाया कि चुनावी वादे सिर्फ वोट हासिल करने का जरिया बनकर रह गए हैं।

**महंगाई में घर चलाना मुश्किल , अब टैक्स बढ़ा कर डाला बोझः** स्थानीय निवासी मो कलाम ने कहा, हमने बाबू भाई को इसलिए वोट दिया था कि टैक्स कम होगा। अब उल्टा 10% बढ़ा दिया। महंगाई में घर चलाना मुश्किल है, ऊपर से टैक्स का बोझ। वहीं गृहिणी अनीशा का कहना है कि हर चीज महंगी हो गई है। बच्चों की पढ़ाई, दवाई का खर्च अलग। अब टैक्स भी बढ़ गया तो बचत क्या होगी।

**नगर विकास विभाग के आदेश पर बढ़ी टैक्स** : इस पूरे मामले पर नगर परिषद के सिटी मैनेजर रोहित गुरिया ने सफाई दी। उन्होंने बताया कि होल्डिंग टैक्स में वृद्धि नगर विकास विभाग के आदेश पर की गई है। यह बढ़ोतरी केवल चतरा में नहीं, बल्कि झारखंड के सभी नगर निकायों में लागू है। चालू वित्तीय वर्ष से नई दरों पर वसूली शुरू कर दी गई है।

## लोहरदगा के विकास को लेकर पूर्व सांसद धीरज साहू ने मुख्यमंत्री से की चर्चा; सौंपा मांग पत्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**लोहरदगाः** वरिष्ठ कांग्रेसी सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने आज झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। इस उच्च स्तरीय मुलाकात के दौरान लोहरदगा जिले सहित संपूर्ण राज्य के समग्र और समावेशी विकास को लेकर गहन मंथन किया गया। पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने राज्य की प्रगति में लोहरदगा की भागीदारी और वहां की स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मुख्यमंत्री को एक विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। मुलाकात के दौरान धीरज प्रसाद साहू ने जिले की चार प्रमुख समस्याओं सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि लोहरदगा के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति में सुधार और स्वास्थ्य



केंद्रों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। साथ ही,

उन्होंने शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। धीरज प्रसाद साहू ने मुख्यमंत्री से विशेष आग्रह किया कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की बात कही, ताकि गांवों से पलायन रुक सके और स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता बढ़े। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व सांसद की बातों को पूरी गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी सरकार जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हमारी सरकार झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। लोहरदगा सहित प्रदेश के सभी जिलों में विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँच सके। इस मुलाकात को लोहरदगा के विकास की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। धीरज प्रसाद साहू ने मुख्यमंत्री के सकारात्मक रुख के प्रति आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि जल्द ही जिले की समस्याओं का ठोस समाधान धरातल पर दिखाई देगा।

## भीषण गर्मी को लेकर नगर परिषद अलर्ट, अध्यक्ष अनिल उरांव बोले– शहर में नहीं होने देंगे पानी की किल्लत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**लोहरदगाः** अप्रैल के महीने में ही सूर्य के कड़े तेवर ने लोहरदगा वासियों को झुलसाना शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान और दोपहर की तपिश ने यह संकेत दे दिया है कि आगामी मई का महीना और भी चुनौतीपूर्ण होने वाला है। इस संभावित जल संकट से निपटने के लिए लोहरदगा नगर परिषद पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव ने स्पष्ट किया कि प्रशासन किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने



कहा अप्रैल की यह गर्मी आने वाली प्रचंड लू और तपिश का पूर्वाभास है। हमने भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया है। शहरवासियों को पानी की समस्या न हो, इसके लिए पुराने जल टैंकरों की मरम्मत करा दी गई है। अध्यक्ष ने आगे बताया कि बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि जलापूर्ति से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत मिलते ही उसका त्वरित समाधान किया जाएगा। नगर परिषद का लक्ष्य है कि गर्मी के चरम पर होने के दौरान भी हर वार्ड और हर घर तक पानी की पहुंच सुनिश्चित रहे। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि पाइपलाइन और टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस मौके पर उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी जनता को आश्वस्त किया कि संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में पंचायत बनी अदालत! मस्जिद से चोरी के आरोप में पिटाई

**कटिहार, एजेंसी।** बिहार के कटिहार जिले से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आजमनगर थाना क्षेत्र के मस्जिद से चोरी के आरोप में दो युवकों को पुलिस के हवाले करने के बजाय गांव में पंचायत बैठाकर सजा सुना दी गई। मस्जिद से चोरी के आरोप में पिटाई : इतना ही नहीं, पंचायत के दौरान दोनों युवकों की लाठी से पिटाई किए जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि मस्जिद से करीब 5 लाख रुपये चोरी होने का आरोप गांव के ही दो युवकों पर लगा है। मारने का वीडियो वायरल : मामले में कानूनी प्रक्रिया अपनाने के बजाय पंचायत बुलाई गई, जहां मुखिया प्रतिनिधि सिकंदर भाट की मौजूदगी में फैसला सुनाया गया कि आरोपी युवक 3 मई तक 2 लाख रुपये पंचायत के माध्यम से मस्जिद कमेटी को वापस करेंगे, इस संबंध में एक लिखित इकरारनामा भी तैयार कराया गया है। कब होगी कार्रवाई? : ग्रामीण इलाकों में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका कानून व्यवस्था बनाए रखने में अहम मानी जाती है, लेकिन अगर चोरी जैसे गंभीर मामलों को पुलिस की जानकारी के बिना पंचायत स्तर पर इस तरह निपटाया जाएगा, तो कानून के राज पर गंभीर सवाल उठना लाजिमी है।

### जदयू ऑफिस पहुंचे नीतीश कुमार, 10 मिनट तक पार्टी नेताओं से मिले

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार आज जेडीयू ऑफिस पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी नेताओं से मुलाकात की और कार्यक्रम का हिस्सा बने। जेडीयू ऑफिस में भामाशाह जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान दोनों डिप्टी सीएम विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री लेसी सिंह, श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, रत्नेश सदा समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक, जेडीयू ऑफिस में नीतीश कुमार लगभग 10 मिनट तक रहे। नीतीश कुमार के पार्टी ऑफिस पहुंचते ही नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान नीतीश कुमार खुद पर बने गाने पर मुस्कुराते दिखे। उन्होंने ताली भी बजाई और पार्टी के नेताओं से मुलाकात की। कार्यक्रम के दौरान जेडीयू ऑफिस में कार्यकर्ताओं को पंपलेट भी बांटा गया। इसमें भामाशाह का परिचय और नीतीश कुमार के संदेश के बारे में जिक्र किया गया। जेडीयू ऑफिस में कार्यक्रम के बाद बाहर निकलने पर डिप्टी सीएम विजय चौधरी ने मीडिया से बातचीत की।

### मुजफ्फरपुर में डिजिटल अरेस्ट कर 67 लाख की ठगी


**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां रिटायर्ड बैंक मैनेजर महेश गामी को डिजिटल अरेस्ट कर 67 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। इस मामले में पुलिस ने पटना से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजीव नगर थाना क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी, आशियाना नगर निवासी प्रियरंजन शर्मा और उनके पुत्र अनंत अभिषेक के रूप में हुई है। दोनों पर साइबर अपराधियों के साथ मिलकर ठगी के नेटवर्क को चलाने का आरोप है। पुलिस ने जब आरोपियों के घर पर छापेमारी की, तो वहां से अलग–अलग बैंकों के एक दर्जन से अधिक चेकबुक, मोहर और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि प्रियरंजन शर्मा एक एनजीओ चलाते हैं, जिसके जरिए उन्होंने कई बैंकों में दो दर्जन से अधिक खाते खुलवा रखे थे। पुलिस के अनुसार, पिता–पुत्र मिलकर अपने बैंक खातों को साइबर अपराधियों को किराये पर देते थे। इसके बदले उन्हें करीब 3 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था। ठगी की रकम को इन खातों के जरिए इधर–उधर ट्रांसफर किया जाता था, जिससे पुलिस को ट्रैक करना मुश्किल हो जाए। जांच में पता चला है कि ठगी की गई 67 लाख रुपये में से 25 लाख रुपये प्रियरंजन शर्मा के खाते में ट्रांसफर किए गए थे, जबकि बाकी 42 लाख रुपये जयपुर के एक खाते में भेजे गए।

### बिहार पुलिस में वर्दी पर सख्ती: शेविंग, जूलरी, मेकअप पर नियम कड़े

**पटना, एजेंसी।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने राज्यभर के पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को वर्दी से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। मुख्यालय ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि पुलिस अनुशासन और वर्दी की गरिमा बनाए रखना हर कर्मी की जिम्मेदारी है। इसके लिए पुलिस मैनुअल में पहले से ही स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन अनिवार्य है। जारी निर्देश के अनुसार, कोई भी पुलिसकर्मी वर्दी के ऊपर किसी तरह का आभूषण या चेन नहीं पहन सकता। साथ ही, बाल छोटे रखने होंगे और जो कर्मी दाढ़ी बनाते हैं, उन्हें वर्दी पहनने से पहले साफ–सुथरा रहना अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य पुलिस की पेशेवर छवि को बनाए रखना है। मुख्यालय ने यह भी साफ किया है कि कोई भी वर्दीधारी कर्मी किसी प्रकार का जाति चिह्न धारण नहीं करेगा और न ही चेहरे पर कोई लेप या निशान लगाएगा। सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान वर्दी पहनना अनिवार्य है, जब तक कि किसी विशेष परिस्थिति में अधिकारी अलग आदेश न दें।

# गयाजी में 100 बेड का लू वार्ड तैयार

## जिले में 43डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा पारा, दुकान-ठेला लगाने वाले बोले; परिवार के लिए गर्मी सहन करेंगे



**गयाजी, एजेंसी।** गयाजी का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। सुबह 9 बजे के बाद से सड़कें सुनसान होने लगती है। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी और बढ़ेगी। मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 100 बेड का विशेष लू वार्ड तैयार किया गया है। वार्ड में एसी, ठंडा पानी, जरूरी दवाएं और पूरी मेडिकल टीम तैनात है। डॉक्टर, नर्स और वार्ड अटेंडेंट की ड्यूटी तय कर दी गई है।

वहीं, सड़कों पर घूम-घूमकर काम करने वाले, ठेले लगाने वाले और फुटपाथ पर दुकान लागने वालों की परेशानियां बढ़ गई हैं। उनका कहना है कि गर्मी है तो क्या कर सकते हैं, घर-परिवार और बच्चों के लिए तो धूप में निकलना ही होगा।

**गैस सिलेंडर डिलीवर करने वाले बोले, मन नहीं करता घर से निकलने का :** कड़ी धूप में घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी करने के लिए संतोष सिंह जा रहे थे। उनके ठेले पर गैस के सिलेंडर पूरी तरह से लोड थे। गर्म हवा और तेज धूप में वे अपने ठेले को खींच रहे थे। उन्होंने कहा कि बहुत ज्याद गर्मी है।

तापमान इतना बढ़ गया है कि काम करना मुश्किल है। मन नहीं करता है कि घर से बाहर निकलूं, पर क्या करें काम नहीं करेंगे तो घर कैसे चलेगा।

हालात बदल गए हैं, 50 डिग्री तक तापमान जा सकता है इसी तरह सड़क किनारे मनोज कुमार सत्तू का ठेला लगाते हैं। मनोज कहते है कि अप्रैल में पहले ऐसी गर्मी पहले नहीं होती थी। अब पहले वाली बात नहीं रह गई है। हालात बदल गए हैं। अभी तो गर्मी और बढ़ेगी। 50 डिग्री तक तापमान जा सकता है।

**भयंकर गर्मी है, पर परिवार के लिए घर से निकलना ही पड़ेगा :** भीषण गर्मी पर सड़क पर प्रभु कुमार भी मिले। प्रभु साइकिल पर घूम-घूमकर इडली बेचा करते हैं। बहुत ज्यादा गर्मी होने के कारण वे काफी थक चुके थे। इसलिए सड़क किनारे साइकिल खड़ी कर आराम कर रहे थे। प्रभु कहते हैं कि भयंकर गर्मी है, लेकिन क्या कर सकते हैं परिवार के लिए तो निकलना ही न पड़ेगा।

**मरीजों के लिए शफ्टिंग के लिए एंबुलेंस भी तैनात :** मगध मेडिकल कॉलेज मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. केके सिन्हा ने बताया कि पहले मरीज इमरजेंसी में आएंगे, वहां प्राथमिक इलाज होगा, फिर उन्हें लू वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा। इमरजेंसी से लू वार्ड की दूरी करीब 500 मीटर है।

इस दूरी को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने छोटी एम्बुलेंस तैनात की है। यह एंबुलेंस 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। मतलब, मरीज को स्ट्रेचर पर ढोने की जरूरत नहीं पड़ेगी, तुरंत शिफ्टिंग होगी। आईस पैक भी हमारे पास उपलब्ध है।

इधर अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। खासकर लू, डिहाइड्रेशन और बुखार के मरीज आ रहे हैं। लेकिन राहत की बात यह है कि अस्पतालों में पहले से तैयारी कर ली गई है। जनरल वार्ड में पंखे-कूलर लगाए जा रहे हैं। पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। बिजली कटने की स्थिति में जनरेटर भी तैयार रखे गए हैं। स्कूलों की टाइमिंग भी बदली जा रही है। बच्चों को दोपहर की तपिश से बचाने के लिए सुबह की शिफ्ट में पढ़ाई कराई जा रही है। कुल मिलाकर, गया इस वक्त तप रहा है। लेकिन इस तपिश के बीच सिस्टम भी सक्रिय है। प्रशासन, अस्पताल और आम लोग-तीनों मोर्चे पर तैयारी दिख रही है। यही वजह है कि संकट के बीच भी हालात संभले हुए हैं।

### यात्रियों से भरी बस ट्रक से टकराई, एक की मौत, आधा दर्जन लोग घायल

**रोहतास, एजेंसी।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत इटिम्हा गांव के समीप सोमवार की अहले सुबह बस और ट्रक की भीषण टक्कर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इस घटना में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए फिलहाल सदर अस्पताल सासाराम में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान भोजपुर जिले के जगदीशपुर निवासी रामेश्वर मिश्रा के रूप में हुई है। उनकी उम्र लगभग 70 वर्ष बताई जा रही है।

दरअसल, हादसा उस समय हुआ जब तिलक समारोह से लौट रही एक बस सामने से आ रही एक खाली ट्रक से टकरा गई। बताया जाता है कि बस में सवार लोग औरंगाबाद जिले के मौरई से भोजपुर के जगदीशपुर लौट रहे थे। इसी दौरान नासरीगंज के समीप तेज रफ्तार बस और ट्रक की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में सवार बुजुर्ग रामेश्वर मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई।

इस दुर्घटना में बस में सवार तीन अन्य लोगों के साथ-साथ ट्रक चालक चंद्र प्रकाश यादव और खलासी भोला कुमार भी घायल हो गए। घायल ट्रक चालक चंद्र प्रकाश यादव उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले के बसवारी गांव का निवासी है, जबकि खलासी भोला कुमार गोरखपुर का रहने वाला बताया जाता है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना से गुस्साए बस सवार कुछ लोगों ने ट्रक चालक की पिटाई भी कर दी। हालांकि बाद में स्थानीय लोगों और पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए सासाराम के सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सारण में दूल्हे के मर्डर में 2 मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## तिलक से 12 घंटे पहले चाकू मारकर हुई थी हत्या, एसआईटी का एक्शन

**छपरा, सारण, एजेंसी।** सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र में दूल्हे की हत्या के मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना तिलक समारोह से ठीक पहले हुई थी, जिसमें वार्ड पार्षद राजा बाबू ठाकुर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मांझी नगर पंचायत वार्ड संख्या 9 निवासी अनिल यादव (पिता-दशरथ यादव) और विवेक कुमार गुप्ता (पिता-शत्रुघ्न गुप्ता) के रूप में हुई है। मांझी थाना पुलिस ने लगातार छापेमारी के बाद इन्हें पकड़ा।

जानकारी के अनुसार, वार्ड पार्षद राजा बाबू ठाकुर का तिलक समारोह होने वाला था। शादी की तैयारियों के दौरान टेंट लगाने को लेकर पड़ोसियों के साथ विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया और आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे दूल्हे की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने जांच शुरू करते हुए लगातार छापेमारी की और 254 घंटे के भीतर दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे की पूरी साजिश और अन्य शामिल लोगों की जानकारी मिल सके। इस मामले में अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार दबिश दी जा रही है।

पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। शेष आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

### सांसद ने खुद स्वीकारा, बिहार कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं, बोले-

# चुनाव के बाद कुछ नया हो सकता है

**कटिहार , एजेंसी।** बिहार कांग्रेस में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। कटिहार से कांग्रेस सांसद तारिक अनवर के ताजा बयान ने इस बात को और बल दे दिया है कि प्रदेश संगठन के भीतर असंतोष और गुटबाजी गहराती जा रही है।

'बिहार कांग्रेस की मौजूदा स्थिति संतोषजनक नहीं' : ऐसे में सांसद के बयान के बाद बिहार कांग्रेस में बड़े राजनीतिक बदलाव और भूचाल की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कटिहार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सांसद तारिक अनवर ने साफ संकेत दिया कि बिहार कांग्रेस की मौजूदा स्थिति संतोषजनक नहीं है।

''प्रदेश संगठन से जुड़े तमाम मुद्दों और शिकायतों से राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है। मैं पार्टी की अनुशासन समिति में हैं, इसलिए सार्वजनिक रूप से ज्यादा कुछ नहीं कहेंगे।''

#### 'मल्लिकार्जुन खरगे को बताया' :

तारिक अनवर ने कहा कि मैंने अपने स्तर से



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखित रूप से अवगत करा दिया है। अभी कई राज्यों में चुनाव चल रहे हैं। परिणाम आने के बाद हो सकता है कि कोई निर्णय लिया जाए।

#### सुर्खियों में तारिक अनवर

दरअसल, पिछले कुछ समय से कटिहार कांग्रेस लगातार विवादों में रहे हैं। कभी पूर्व विधायक डॉ। शकील अहमद द्वारा सांसद पर गंभीर आरोप लगाए गए, तो कभी मनिहारी से कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह पर राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के आरोप लगे। अब जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के इस्तीफे के बाद संगठन में अंतर्कलह और गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है।

सूत्रों की मानें तो, विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे के दौरान भी प्रदेश नेतृत्व पर कई तरह के आरोप लगे थे। अब जिला स्तर की राजनीति में हस्तक्षेप और संगठन को कमजोर करने के आरोपों ने पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

#### राष्ट्रीय नेतृत्व के फैसले पर नजर

तारिक अनवर के बयान को प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व पर सवाल के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अगर समय रहते हालात नहीं संभाले गए, तो बिहार कांग्रेस में बड़ा सियासी संकट खड़ा हो सकता है। फिलहाल, कांग्रेस के भीतर चल रही खींचतान ने विपक्षी दलों को भी हमला बोलने का मौका दे दिया है। अब सबकी नजर राष्ट्रीय नेतृत्व के अगले कदम पर टिकी है।

## मां जानकी के दरबार पुनौरा धाम पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पूजा-अर्चना के बाद की बड़ी घोषणा

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शनिवार को सीतामढ़ी के प्रसिद्ध पुनौरा धाम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने जानकी नवमी के पावन अवसर पर माता सीता और भगवान राम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने न केवल दर्शन-पूजन किया, बल्कि मंदिर निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दो दिवसीय सीतामढ़ी महोत्सव का उद्घाटनः जानकी नवमी, माता सीता के जन्मोत्सव का प्रतीक है। इसी विशेष अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सीतामढ़ी महोत्सव का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, श्रद्धालु और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

मंदिर परिसर में नेताओं से मुलाकात : मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में ही पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक मजबूती और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की।

पीएम मोदी और नीतीश का सपना होगा साकार-सम्राटः कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जानकी नवमी के इस पावन दिन पर माता जानकी का आशीर्वाद पूरे बिहार पर बना रहे। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी ने जो सपना देखा है, उसे हर हाल में साकार किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में विकास की गति को और तेज किया जाएगा।

कब तक बनेगा सीतापुरम ?ः सम्राट चौधरी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि किसी भी हाल में 31 दिसंबर 2028 तक मां सीता के मंदिर का काम पूरा करना है। क्योंकि हम अयोध्या देख रहे हैं, जहां प्रभु स्थापित हुए हैं। हमारे नेता नीतीश कुमार ने घोषणा की थी कि सीतापुरम बनाएंगे, तो मैंने जब पहली कैबिनेट की मीटिंग की तो सीतापुरम बनाने की निर्णय लिया है।

### कटिहार में एक एंबुलेंस में 'ठूंस-ठूंसकर' भरे 17 लोग,

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही, डीएम ने दिए जांच के आदेश



**कटिहार, एजेंसी।** बिहार के कटिहार जिले में स्वास्थ्य विभाग की भारी लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां सदर अस्पताल में एक ही एंबुलेंस के भीतर 7 कुपोषित बच्चों और उनके 10 परिजनों, यानी कुल 17 लोगों को बेहद अमानवीय तरीके से ठूंसकर लाया गया। एंबुलेंस में पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

#### नियमों को ताक पर रखकर सफर

एक एंबुलेंस में अधिकतम दो बच्चों और उनके अभिभावकों को ही सुरक्षित तरीके से लाने का प्रावधान है। हालांकि आजमनगर प्रखंड से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (त्रब्स्य) के तहत इन कुपोषित बच्चों को जांच के लिए लाते समय नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। संकरी जगह और ऑक्सीजन की कमी के जोखिम के बावजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने संवेदनहीनता की सारी हदें पार कर दी।

#### बदतर हालत में पहुंचे मासूम

सफर के दौरान बच्चों और महिलाओं को भयंकर घुटन और परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषज्ञों का मानना है कि कुपोषित बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता पहले से ही कम होती है, ऐसे में भीड़भाड़ वाले वातावरण में उन्हें संक्रमण का खतरा और अधिक बढ़ गया। तंग जगह में लंबे समय तक बैठने के कारण कई बच्चों की हालत सुधारने के बजाय और बिगड़ने की आशंका बनी रही। यह न केवल प्रशासनिक चूक है, बल्कि मानवाधिकारों का भी सीधा उल्लंघन है।

#### जिम्मेदारी से बचते कर्मचारी

जब इस गंभीर लापरवाही पर एंबुलेंस चालक साहिल और साथ मौजूद डॉक्टर शकील अहमद से सवाल पूछे गए, तो उनके जवाब काफी टालमटोल वाले रहे। उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की कि वे केवल अपने 'वरीय पदाधिकारियों' के आदेश का पालन कर रहे थे, जो कि सिस्टम में ऊपर तक फैली जड़ता को दर्शाता है।

#### प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल

यह घटना सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाती है। सरकार एक तरफ कुपोषण मिटाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी स्तर पर प्रशासनिक उदासीनता इन योजनाओं को विफल बना रही है।

#### जिलाधिकारी का सख्त रुख

मामले की गंभीरता को देखते हुए कटिहार के जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य विभाग की इस कार्यशैली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी अधिकारियों और संबंधित कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो।

### सहरसा में 7 साल की बच्ची से रेप, आरोपी गिरफ्तार

# आम के बगीचे में टिकोला चुनने गई थी, फटे कपड़ों और खून से लथपथ घर लौटी

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा में रविवार शाम 7 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। घटना काशनगर थाना क्षेत्र में हुई है। पुलिस ने आरोपी को रविवार रात ही गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग बच्ची को सहरसा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची खतरे से बाहर है, लेकिन उसकी निगरानी जारी है। घटना रविवार शाम करीब 4 बजे की है। बच्ची अपने घर से लगभग 500 मीटर दूर आम के बगीचे में टिकोला चुनने गई थी। उसकी मां घर पर घरेलू काम कर रही थी। इसी दौरान, बच्ची फटे कपड़ों और खून से लथपथ घर लौटी।

बच्ची की मां ने काशनगर थाना पुलिस के सामने दर्ज कराए गए बयान में बताया कि, 'मेरी बेटी को गांव के ललित सदा (30) आम के खेत में जाकर मेरी बच्ची को मकई के खेत में आने के लिए कहा। जब बच्ची ने मना किया, तो वह उसे जबरन कंधे पर उठाकर के मकई के खेत में ले गया। वहां उसने बच्ची के मुंह में कपड़ा डालकर रेप किया और फिर मौके से फरार हो गया।'

बच्ची की मां ने आगे कहा, 'किसी तरह बच्ची धीरे-धीरे पैदल अपने घर पहुंची। कपड़ों पर खून के धब्बे देखकर मां डर गई। बच्ची ने लड़खड़ाती आवाज में पूरी घटना बताई। इसके बाद गांव के लोग इकट्ठा हुए और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर और काशनगर थाना अध्यक्ष बजरंगी कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।'

एफएसएल की टीम भी घटनास्थल का साक्ष्य संकलन किया। नाबालिग बच्ची 4 बहनों में सबसे बड़ी है। महादलित परिवार से आने वाली



बच्ची स्कूल जाकर कभी पढ़ी-लिखी नहीं लेकिन दो-चार अक्षर जरूर पढ़ लेती है। बच्ची के पिता मुंबई में मजदूरी करके अपने परिवार और बच्चों का परवरिश किया करते हैं। घटना के दिन भी उनके पिता मुंबई में थे। सिमरी बख्तियार एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि 7 साल की बच्ची के साथ रेप की घटना हुई है। नाबालिक बच्ची का मेडिकल के लिए सहरसा सदर अस्पताल भेजा गया है।

सहरसा सदर अस्पताल डॉ कुमारी भारती ने नाबालिक बच्ची का मेडिकल किया है। बच्ची के प्राइवेट पार्ट में अंदरूनी चोट आई है। जिस वक्त लाई गई थी उसे समय हल्की ब्लडिंग हो रही थी। नाबालिग बच्ची के एक गाल पर भी खरोच के निशान मिले हैं। दुष्कर्म करने के मामले में मेडिकल किया जा रहा है। फिलहाल नाबालिग बच्ची बदहवास है। फिलहाल होश में है लेकिन डरी सहमी होने की वजह से कुछ ठीक से बताना पाने में असमर्थ है। सोमवार के दोपहर तक बच्ची नॉर्मल होने की संभावना है। सदर अस्पताल के बच्चा वार्ड में उसे भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

इधर,आरोपी ललित सदा शादीशुदा युवक है। वह गांव में ही मजदूरी किया करता है और नाबालिक बच्ची का वह पड़ोसी भी है। ललित सदा नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है। 5 दिन पहले ही उसने अपने पत्नी को मारपीट किया। जिस वजह से उसकी पत्नी और अपने दो बच्चों को लेकर मायके चली गई है। ललित को 3 साल की बेटी और 2 साल का बेटा है। काशनगर थाने की पुलिस ने उसे गांव से ही गोपनीय तरीके से रविवार के रात 10 बजे गिरफ्तार किया है। सहरसा सदर अस्पताल में रात 11 बजे आरोपी ललित का मेडिकल कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### छेचानी पुल निर्माण में बालू का भारी भंडारण, राजस्व को नुकसान की आशंका, करोड़ों की योजना पर उठने लगे सवाल



**बरवाडीहः** बरवाडीह प्रखंड की बेतला पंचायत अंतर्गत छेचानी क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल कार्य को लेकर चर्चा तेज हो गई है। यहां पुल निर्माण कार्य के लिए बड़ी मात्रा में बालू का भंडारण किए जाने से स्थानीय लोगों के बीच कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खुले तौर पर भारी मात्रा में बालू जमा रहने से इसकी वैधता और उपयोग को लेकर संदेह की स्थिति बन रही है।बताया जाता है कि यह पुल सतबरवा प्रखंड को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है, जिस पर करोड़ों रुपये की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह पुल पोखरी खुर्द के छेचानी स्थित औरंगा नदी पर बनाया जा रहा है, जिससे दोनों प्रखंडों के बीच आवागमन सुगम होने की उम्मीद है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह पुल इलाके के विकास के लिए काफी अहम है, इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता बेहद जरूरी है।स्थानीय लोगों की मानें तो निर्माण कार्य में उपयोग के लिए आसपास की नदी से ही बालू उठाकर भंडारण किया जा रहा है। यदि यह बात सही पाई जाती है, तो इससे सरकार को राजस्व नुकसान होने की भी आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना वैध प्रक्रिया के बालू का उपयोग किया जाना नियमों का उल्लंघन हो सकता है, जिसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है।ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री की नियमित जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि बालू का भंडारण सभी नियमों के अनुरूप हो। करोड़ों रुपये की इस महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य में बड़ी समस्या खड़ी कर सकती है।मामले को लेकर खनन विभाग भी हरकत में आता दिख रहा है। डीएमओ नदीम सफी ने बताया कि बालू भंडारण का मामला उनके संज्ञान में आया है और जल्द ही स्थल की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ताकि राजस्व को संभावित नुकसान से बचाया जा सके और करोड़ों रुपये की इस योजना को तय मानकों के अनुसार पूरा कराया जा सके।

### हरिहरगंज में जनगणना 2027 को लेकर कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू

**हरिहरगंजः** प्रखंड सभागार में सोमवार को भारत की जनगणना



2027 के सफल संचालन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने दीप प्रज्वलित कर की। बीडीओ ने कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें लगे पर्यवेक्षक एवं प्रगणक प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचकर निर्धारित 34 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र करेंगे। उन्होंने सभी कर्मियों को जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सह सहायक चार्ज पदाधिकारी अजीत कुमार की देखरेख में संचालित हो रहा है। प्रशिक्षक विवेक कुमार एवं मो. शारिब ने बताया कि पहले पाली में 40 पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जनगणनाकर्मी घर-घर जाकर निर्धारित प्रपत्र के सभी 34 कॉलम भरते हुए विस्तृत आंकड़े संकलित करेंगे। बताया गया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को फॉर्म भरने की प्रक्रिया, आंकड़ों के सत्यापन एवं अन्य आवश्यक पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षक आनंद मोहन, अद्रेश कुमार, सुशील कुमार, नरेंद्र पांडेय, रामानुज सिंह, मुबारक हुसैन, युवराज सिंह, नीरज पाठक, संजय कुमार, कृष्णकांत सहित कई शिक्षक एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### चेचन्हा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में,जल पखवाड़ा का आयोजन,छात्र-छात्राओं के द्वारा, रैली निकालकर किया गया जागरूक




**नावा बाजार -** चल रहे, जल पखवाड़ा 2026 के तहत, चेचन्हा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में, छात्र-छात्राओं के द्वारा रैली निकालकर, लोगों को जल संरक्षण पर जागरूक किया गया, साथ ही विभिन्न प्रकार के गतिविधियां जैसे, जल शपथ,जल संरक्षण के अलावा वाद- विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला आदि का भी आयोजन किया गया, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार ने बताया की, इस सप्ताह जल संरक्षण के लिए, जल संसाधनों के महत्व को रेखांकित करने और उनके स्थायी प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए, आयोजित एक जागरूकता अभियान है,यह आमतौर पर विश्व जल दिवस (22 मार्च) के आसपास आयोजित किया जाता है, जिसके तहत वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और कैच द रेन जैसे अभियानों को बढ़ावा दिया जाता है, इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को जल के बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करना है, वही जल संरक्षण सप्ताह के मुख्य पहलू जल संकट को रोकना, पानी की हर बूंद का संचयन करना और लोगों को जल के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करना है, उन्होंने ने बताया कि कैच द रेन अभियान के तहत, वर्षा जल को बचाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है,जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 'भारत जल सप्ताह' का आयोजन भी किया जाता है, जो जल संसाधन प्रबंधन पर केंद्रित एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मंच है, जन आंदोलन का लक्ष्य -जल आंदोलन - जन आंदोलन के रूप में जल को एक बहुमूल्य संपदा मानना है, मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक आचार्य निशांत भास्कर राजेश कुमार गुप्ता एसएमजी के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार महतो माता समिति संजीव का शारदा देवी रामपति देवी सरिता देवी के अलावा कई अभिभावक एवं ग्रामीण शामिल थे।

# आशी केयर हॉस्पिटल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पलामू** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर आशी केयर हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथि सिविल सर्जन पलामू श्री अनिल श्रीवास्तव के द्वारा द्विप प्रज्वलित कर की गई तथा अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया | रक्तदान शिविर की शुरुवात डॉ अमित, डॉ पंकज ने रक्तदान कर की इस अवसर सिविल सर्जन पलामू ने कहा कि रक्तदान महादान है और सभी स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन महीने के बाद रक्तदान जरूर करना चाहिए | उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला को रक्त देने से जच्चा ओर बच्चा दोनों की जिंदगी को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस शिविर को देखकर बहुत ही सुखद अनुभूति होती है कि हम इस भाग दौड़ की ज़िंदगी मे हम कुछ समय निकाल के रक्तदान करके जीवन को बचाया जा सकता है उन्होंने अस्पताल निदेशक श्री मनीष तिवारी की भूरी भूरी प्रसंशा करते हुवे कहा कि ये बहुत ही नेक कार्य किया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग हमेशा जनता और अस्पताल प्रबंधन के साथ कंधे से कंधा मिला के खड़ा है। उन्होंने ने पूरे अस्पताल प्रबंधन को दिल से धन्यवाद दिया तथा रक्तदान शिविर समय समय पे लगाने का आग्रह किया। इस अवसर पे अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि रक्तदान महादान तो है ही साथ ही जीवन दान भी है क्योंकि समय पर रक्त न मिलने से पूरे परिवार पे इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ जाता है जब रक्त के बिना कोई मरीज अपना जीवन खो देता है उन्होंने इस बात पे बल देते हुवे कहा कि साल में कम से कम दो से तीन बार रक्तदान अवश्य करे और दूसरों को भी ऐसा करने को प्रेरित करें तथा उन्होंने प्रतिबद्धता दोहराई की आगे भी आशी अस्पताल ऐसे शिविर लगाता रहेगा। अस्पताल के प्रबंधक रविकांत ने कहा हमलोग हमेशा जनता की सेवा के लिए तैयार है। पलामू के जनता के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिला कर काम किया जा रहा है। सिविल सर्जन पलामू ने पूरे अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद दिया, तथा अस्पताल के मेडिकल अफसर डॉ रविश ने कहा कि इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए हमेसा तत्पर है, और आगे भी भी ज़रूरत मंद लोगो की मदद के लिए हरसंभव सहायता करेगी । इस शिविर में कुल 16 यूनिट रक्तदान हुवा जिसमे आशी केयर हॉस्पीटल के डॉ अमित, डॉ पंकज, का भी रक्तदान में योगदान रहा । इस अवसर पर डॉ राज़ी, डॉ वीरेंद्र एवं आशी केयर अस्पताल ओर कर्मचारी उपस्थित थे

## सीरम में भव्य प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अंतिम तैयारियाँ पूरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पांकी पलामू** पिपराटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सीरम में नव निर्मित शिव शक्ति मंदिर एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में पहुँच गई हैं। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है और दूर-दराज से श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। समाजसेवी कमलेश सिंह ने बताया कि 29 अप्रैल को सुबह 6 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद वेदी निर्माण, झंडा स्थापना एवं जलाधिवास जैसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। 30 अप्रैल को वेदी पूजन, अन्नाधिवास, फलाधिवास एवं घृताधिवास का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम 5 बजे से नगर भ्रमण एवं साज्जा अधिवास का कार्यक्रम होगा। रात्रि 8 बजे से भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। 1 मई को मुख्य कार्यक्रम के तहत प्राण प्रतिष्ठा, सुंदरकांड पाठ, हवन, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा के साथ अनुष्ठान का समापन होगा। इस पूरे आयोजन का संचालन आचार्य केदार पाण्डेय एवं बनारस से आए विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा। इस मंदिर निर्माण की विशेषता यह है कि इसे समाजसेवी कमलेश सिंह ने अपने निजी खर्च से बनवाया है। उन्होंने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने और संस्कार देने का सशक्त माध्यम है। गाँव में मंदिर के अभाव को देखते हुए उन्होंने यह संकल्प लिया कि एक ऐसा स्थान बने, जहाँ हर ग्रामीण सहज रूप से पूजा-अर्चना कर सके। ग्रामीणों ने भी कमलेश सिंह के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे गाँव की आस्था, एकता और संस्कृति का केंद्र बताया। बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। कमलेश सिंह ने कहा कि इस तीन दिवसीय आयोजन के माध्यम से पूरा क्षेत्र भक्ति में डूब जाएगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## पेयजल योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश, लंबित कार्यों पर होगी कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पलामूः**उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए लंबित योजनाओं को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (FHTC), मल्टी विलेज स्कीम (MVS), सिंगल विलेज स्कीम (SVS), जल मीनार सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। बताया गया कि जिले में कुल 3,65,812 FHTC का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से अब तक 1,93,575 कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जो 52.91 प्रतिशत उपलब्धि है। उपायुक्त ने शेष 1,72,237 कनेक्शन को शीघ्र पूरा करने पर जोर देते हुए बाधाओं की जानकारी ली और समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिन योजनाओं की प्रगति धीमी है, संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्माणाधीन योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि जिले में कुल 27,037 चापाकलों में से 3,387 खराब हैं। अधिकारियों ने बताया कि मरम्मत कार्य जारी है तथा प्रखंडवार गैंगमैन की नियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने इस व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा खराब चापाकलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए। SVS योजनाओं की समीक्षा में अधिकांश योजनाओं में 100 प्रतिशत भौतिक प्रगति पाई गई, जबकि कुछ योजनाओं में आंशिक कार्य शेष है। उपायुक्त ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया। वहीं, मल्टी विलेज स्कीम (MVS) की समीक्षा के दौरान कुछ योजनाओं में भूमि अधिग्रहण, NHAI से एनओसी तथा तकनीकी कारणों से विलंब पाया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के कारण कुछ योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इस पर उपायुक्त ने सभी प्रभावित योजनाओं की सूची तैयार कर संबंधित परियोजना निदेशक से समन्वय स्थापित कर उन्हें शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अभियंताओं को नियमित मॉनिटरिंग, फील्ड विजिट बढ़ाने तथा योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष बल दिया, ताकि आम जनता को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता उपस्थित थे।

## अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाएं पदाधिकारीगण। जनहित के कार्यों में लुट कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी चन्दन प्रकाश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मेदिनीनगरः** अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाएं पदाधिकारीगण। जनहित के कार्यों में लुट कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में जनहित को प्राथमिकता देनी होगी नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उनके इस कृत्य से झारखंड की सरकार एवं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर दोनों की बदनामी हो रही है।जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं होगा।उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह पलामू जिला प्रवक्ता चन्दन प्रकाश सिन्हा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कहा। अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं के जांच के क्रम में भारी अनियमित पाया। चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि सरईडिह डगरा सड़क की स्थिति बहुत ही खराब थी और यह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। गाड़ी की बात अलग है पैदल चलना दुर्लभ था। जिसे ध्यान में रखते हुए झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अविलंब अपने कोटे से लगभग 15 लाख रुपए मरम्मती के लिए जारी किए। लेकिन संबंधित पदाधिकारी ने बीना काम किए सारे पैसे निकाल लिए और सड़क के दुर्दशा ज्यों की त्यों बनी रह गईं। गढों की भरा भी नहीं गया और सारे पैसे की निकासी कर ली गई।दुर्भाग्य की बात है कि सड़क निर्माण में कहीं भी शिलापट्ट तक नहीं लगाया गया। किसी भी योजना को पारदर्शी बनाने के लिए शिलापट्ट आवश्यक रहता है।सरकार का सख्त निर्देश भी है कि छोटे से छोटे कार्यों में भी शिलापट्ट का प्रयोग किया जाए।यह विभाग के इंजीनियर एवं पदाधिकारियों का सरकार को बदनाम करने की साजिश है। जिससे संबंधित शिकायत सरकार को की जाएगी। जांच के क्रम में जिला परिषद द्वारा सरईडिह के रघुनीडिह में निर्मित आंगनबाड़ी भवन की भी जांच की गई और उसमें भारी अनियमितता पाई गई। सबसे बड़ी गलती आंगनवाड़ी भवन को आहार में बनाया गया है जिसमें बरसात का पानी भर जाता है।विभाग द्वारा स्थल चयन को लेकर भारी गलती की गई है। आंगनवाड़ी भवन की गुणवत्ता भी बेहद ही खराब है।गेट ग्रिल खराब होना शुरू हो गया है।साथ ही शिलापट्ट का भी प्रयोग नहीं किया गया है जो सरकारी आदेश के खिलाफ है।आखिर किस परिस्थिति में शिलापट्ट नहीं लगाया गया पदाधिकारी आम जनों से क्या छुपाना चाहते थे यह भी जांच का विषय है। लोगों के द्वारा इस आंगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण रैयती जमीन में भी करने की बात कही गई।जमीन मालिक के बार बार कहने पर भी जबरदस्ती आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की बात कही गई। क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।यदि पदाधिकारी अपने कार्य प्रणाली में सुधार नहीं लाते हैं तो सरकार को उच्च स्तरीय जांच के साथ कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। साथ में नौडीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष उदय पासवान एवं राजेश्वर उरांव मौजूद थे

## 3 किमी सफर पर टोल वसूली के खिलाफ बरवाडीह में रोष, छूट नहीं मिली तो आंदोलन की चेतावनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बरवाडीह (पलामू):** दुबियाखाड़ टोल प्लाजा पर टोल वसूली शुरू होते ही बरवाडीह प्रखंड के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरवाडीह से डालटनगंज आने-जाने के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर उन्हें महज करीब तीन किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, इसके बावजूद उनसे पूरा टोल टैक्स लिया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। बरवाडीह व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि दीपक राज ने इस मुद्दे पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि प्रखंड के लोग रोजमर्रा की जरूरतों—इलाज, शिक्षा, बाजार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए डालटनगंज का रुख करते हैं। ऐसे में इतनी कम दूरी के लिए पूर्ण टोल वसूली करना आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित सड़क निर्माण कार्य अभी कई हिस्सों में अधूरा है, बावजूद इसके टोल वसूली शुरू कर दी गई है, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष व्याप्त है। दीपक राज ने मांग की है कि टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले बरवाडीह प्रखंड सहित आसपास के स्थानीय निवासियों को टोल टैक्स से छूट दी जाए। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को सांसद कालीचरण सिंह के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो बरवाडीहवासी शांतिपूर्ण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## ए टू जेड क्लासेस के छात्रों ने लहराया परचम, अभिलाषा बनीं प्रखंड टॉपर

- 94.8% के साथ अभिलाषा प्रखंड टॉपर, ए टू जेड क्लासेस के बच्चों का शानदार रिजल्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**हरिहरगंज** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के मेन रोड़ पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित ए टू जेड क्लासेस के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रखंड का नाम रोशन किया है. संस्थान की छात्रा अभिलाषा कुमारी ने 474 अंक (94.8%) प्राप्त कर पूरे प्रखंड में टॉप किया. वहीं अंचल कुमारी ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किए. पुटूस कुमारी व लक्की कुमारी ने 92.8 प्रतिशत, शोभा कुमारी ने 91.6 प्रतिशत, साहिबा खातून ने 89.2 प्रतिशत, प्रीति कुमारी ने 89 प्रतिशत, शंकित कुमार ने 88.8 प्रतिशत, ममता कुमारी ने 87.8 प्रतिशत, चांदनी कुमारी ने 87 प्रतिशत, अंजली कुमारी ने 86.2 प्रतिशत, वसुधा कुमारी ने 83.6 प्रतिशत, शोभा कुमारी ने 81 प्रतिशत तथा अनु कुमारी व नेहा कुमारी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. इसके अलावा जागृति, मानसी, खुशबू, सिमरन, प्रीति व अमृत सहित संस्थान के सभी विद्यार्थी ए प्लस ग्रेड से उत्तीर्ण हुए हैं. इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार छात्रों को दो-दो हजार रुपये का चेक, ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया. साथ ही सभी सफल विद्यार्थियों को भी ट्रॉफी व मेडल प्रदान किया गया. वहीं अभिषेक पटेल को नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया. निदेशक प्रदीप कुमार ने कहा कि संस्थान में नवोदय, नेतरहाट व सैनिक स्कूल की तैयारी कराई जाती है. उन्होंने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है. बताया कि संस्थान हर वर्ष बेहतर परिणाम देकर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है. शिक्षक ललेश कुमार व निरंजन कुमार सहित अन्य ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. वहीं छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कोचिंग संस्थान के शिक्षकों को दिया.

## 15 बच्चों पर चल रहा सरकारी स्कूल, लाखों खर्च के बावजूद शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बरवाडीहः**-बरवाडीह प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय छेचानी टोला की स्थिति शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। कक्षा 1 से 5 तक संचालित इस विद्यालय में महज 15 बच्चे ही नामांकित हैं, जबकि यहां दो पारा शिक्षक कार्यरत हैं। इतने कम बच्चों के बावजूद विद्यालय पर हर साल सरकार के लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिससे सरकारी संसाधनों के उपयोग को लेकर सवाल उठने लगे हैं।क्षेत्र में घटती छात्र संख्या और कमजोर उपस्थिति ने शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर कर दिया है। नामांकन संख्या बेहद कम होने के कारण विद्यालय का शैक्षणिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।इस संबंध में प्रभारी बीईईओ राजश्री पूरी ने कहा कि विद्यालय में कम छात्र संख्या और अनियमित उपस्थिति का मामला गंभीर है। उन्होंने कहा कि विभाग इस पर नजर बनाए हुए है और अभिभावकों को जागरूक करने के साथ-साथ बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वहीं, डीएसई गौतम साहू ने कहा कि यह विद्यालय पोषक क्षेत्र के अंतर्गत आता है और पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि पोषक क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय से नहीं जोड़ा जा रहा है, तो यह एक गंभीर विषय है और विभाग इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करेगा। ग्रामीणों का कहना है कि जब एक पूरे विद्यालय में केवल 15 बच्चे ही नामांकित हों और उस पर सरकार के लाखों रुपये खर्च हो रहे हों, तो यह व्यवस्था की प्रभावशीलता पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। स्थानीय लोगों ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, पोषक क्षेत्र के बच्चों का सर्वे कराने तथा जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने की मांग की है, ताकि सरकारी संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके।